बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ, (बेली रोड) पटना–800001
<u>आवश्यक सूचना</u>

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई में माध्यमिक शिक्षक के कुल–41 एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक के कुल–21 पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा दिनांक–13.03.2024 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–29/2024 तथा प्राचार्य के कुल–01 एवं उप प्राचार्य के कुल–01 पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक–14.03.2024 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–30/2024 में वर्णित अनुबंध के आधार पर अधिभार एवं आयु में छूट का प्रावधान को निम्नरूपेण स्पष्ट किया जाता है:–

विभागीय पत्रांक–74067, दिनांक–22.08.2023 द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई में पूर्व से अनुबंध के आधार पर कार्यरत प्राचार्य, उप प्राचार्य, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक को आयोजित होनेवाली परीक्षा में अनुबंध नियोजन के फलस्वरूप किये गये कार्य अवधि के समतुल्य अवधि की छूट अधिकतम उम्र सीमा में दी जायेगी एवं कार्यानुभव के आधार पर अनुमान्य अंक की गणना मेधासूची में जोड़ी जायेगी।

विज्ञापन संख्या–29/2024 एवं 30/2024 की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

19/3/24

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।